आकाशवाणी केन्द्र शिमला

25.10.2024/प्रादेशिक समाचार/09.20 बजे

.....

मुख्यमंत्री

जनता से सीधा संवाद स्थापित करने और प्रदेश सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों के कार्यन्वयन का धरातल पर आकलन करने के लिए प्रदेश सरकार "सरकार गांव के द्वारा" कार्यक्रम को आरंभ कर रही है। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू कल 26 अक्तूबर को जिला शिमला के दूरदराज क्षेत्र डोडरा–क्वार से करेंगे। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ऊना जिला के हरोली विधानसभा क्षेत्र में बालीवाल से ये कार्यक्रम आरंभ करेंगे। वहीं मुख्यमंत्री कार्यालय से मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों को भी इस संबंध में दिशा–निर्देश जारी किए गए हैं कि वे ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा करें और लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं का समाधान करें।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार 27 अक्तूबर को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 115वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम के लिए अपने सुझाव दर्ज करने का आज अंतिम दिन है। श्रोता टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0–1 1–7 8 0 0 पर कार्यक्रम के लिए अपने सुझाव भेज सकते हैं। माइगॉव, नमो एप पर भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर होगा।

राजीव रंजन–पशु गणना

केन्द्रीय मत्स्य, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह आज नई दिल्ली में 21वें पशु गणना अभियान का शुभारंभ करेंगे। देशभर में यह पशु गणना अगले वर्ष फरवरी तक चलेगी। इस प्रक्रिया में पशु चिकित्सां से जुड़े लगभग एक लाख क्षेत्रीय अधिकारी शामिल होंगे। इस पहल का उद्देश्य देश में पशु स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करना है। सर्वेक्षण के अंतर्गत पशुधन की 15 प्रजातियों को शामिल किया जाएगा।

सरकारी मुद्रा ऋण

केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण योजना के अंतर्गत ऋण सीमा को 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये कर दिया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने इसकी घोषणा केंद्रीय बजट 2024–25 में की थी। वित्तीय सेवा विभाग ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि योजना के तहत नई तरुण प्लस श्रेणी बनाई गई है। यह श्रेणी उन उद्यमियों को 10 लाख रुपये से 20 लाख रुपये तक के ऋण प्रदान करेगी, जिन्होंने अपने पिछले तरुण ऋण चुका दिए हैं। इस योजना से छोटे व्यवसायों के लिए वित्तपोषण तक पहुंच आसान हो जाएगी।

भाजपा

प्रदेश में भाजपा के संगठनात्मक चुनावों के लिए राष्ट्रीय संगठन चुनाव अधिकारी के.लक्ष्मण ने सांसद व प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ राजीव भारद्वाज को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है। पार्टी के संगठनात्मक चुनावों के लिए प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ राजीव सैजल और प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कटवाल को भी प्रदेश सह–चुनाव अधिकारी की जिम्मेदारी मिली है। इसके साथ ही प्रदेश में भाजपा के संगठनात्मक चुनाव की प्रक्रिया आरंभ हो गई है और आगामी तीन महीनों में हिमाचल प्रदेश में पार्टी के संगठनात्मक चुनावों की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

दिवाली यातायात

दीपावली के अवसर पर बाहरी राज्यों में कार्यरत हिमाचली लोगों को घर लाने और ले जाने के लिए हिमाचल पथ परिवहन निगम सौ से अधिक बसों का संचालन करने जा रहा है। दिल्ली और चंडीगढ़ से हिमाचल के विभिन्न क्षेत्रों के लिए ये अतिरिक्त बसें 29 अक्तूबर से 2 नवंबर तक चलेंगी। इसी प्रकार धर्मशाला, चंडीगढ़ हवाई रूट पर भी 28 अक्तूबर से रविवार को छोड़कर हर रोज उड़ानें होंगी। कांगड़ा गगल एयरपोर्ट निदेशक धीरेंद्र सिंह ने बताया कि 27 अक्तूबर से हवाई सेवाओं के शैड्यूल में बदलाव होगा जिससे अब धर्मशाला–चंडीगढ़ के लिए सप्ताह में छह दिन उड़ानें होंगी।

मौसम

मानसून के विदा होने के बाद से ही प्रदेश में अक्तूबर माह में 97 फीसदी तक कम बारिश दर्ज हुई है। इन दिनों प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार प्रदेश में अक्तूबर महीने के अंत तक मौसम साफ रहेगा। प्रदेशभर में दिन का तापमान सामान्य से अधिक चल रहा है लेकिन सुबह और शाम के वक्त हल्की ठंड महसूस की जा रही है। आंकड़ों के अनुसार प्रदेश के छह जिले ऐसे हैं, जहां 100 फ़ीसदी तक कम बारिश हुई है, इनमें बिलासपुर, चंबा, हमीरपुर, कुल्लू, सिरमौर और सोलन जिला शामिल हैं।

<u>और अब एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर</u>

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला की सुर्खी है हिमाचल में बनी हार्ट अटैक, कैंसर समेत 23 दवाओं के सैंपल फेल।

दैनिक जागरण मुख्यमंत्री के हवाले से लिखता है पर्यटन विकास में सहयोग करे केंद्र। दिव्य हिमाचल का शीर्षक है वनों के बदले ग्रीन बोनस दे केंद्र। हिमाचल दस्तक के शब्द हैं हिमाचल प्रदेश में बन रहे फोरलेन में बनाई जाएं ज्यादा से ज्यादा सुरंगे। पंजाब केसरी के अनुसार सुक्खू की गडकरी, शेखावत व नीति आयोग के साथ दिल्ली में बैठक।

दैनिक भास्कर की एक खबर है स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़े पद भरने में देरी, हाईकोर्ट ने कहा– ब्योरा दें निदेशक।

शिमला में बनेगा दुनिया का दूसरा सबसे लंबा रोपवे शीर्षक से आपका फैसला लिखता है 660 ट्रॉली लगेंगी, एक घंटे में छह हजार लोग करेंगे सफर।